1 जय भारत जय भारती

अधीति : • आप अपने देश से प्रेम करते हैं, यह कैसे बताएँगे?
• भारत में कौन-कौन-सी ऋतुएँ आती हैं?

जय-जय भारत-भारती
कोटि-कोटि कंठों से बोलो,
जय भारत जय भारती,
जय-जय भारत-भारती।

उत्तर में गिरिराज सुशोभित,
दक्षिण में सागर आलोकित।
बारी-बारी ऋतुएँ आकर,
इनको सदा सँवारतीं,
जय भारत जय भारती,
जय-जय भारत-भारती।

इनका आँगन बड़ा सलोना,
हरा-भरा इनका हर कोना।
इनके कण-कण में,
श्री वैभव हैं वारती।
जय भारत, जय भारती,
जय-जय भारत-भारती।

बोध

• भारत का हर कोना कैसा है?

जीवन-मूल्य

देश-प्रेम, आनंद, प्रकृति-प्रेम, देश-भक्ति

शिक्षण-संकेत : बच्चों को भारत की विशेषताएँ बताते हुए उनमें देश-प्रेम की भावना विकसित कीजिए।

आओ करें Let's do it!

1. सुनिए, बोलिए और अपनी मातृभाषा में लिखिए—
Listen, speak and write in your mother tongue.

कंठ	throat	....	सागर	sea	....
जय	victory	....	आलोकित	illuminated	....
सुशोभित	adorned	....	ऋतुएँ	seasons	....
उत्तर	north	....	आँगन	courtyard	....
दक्षिण	south	....	वैभव	glory	....

(Synonyms)
2. पर्यायवाची शब्द पढ़िए और समझिए Read and understand synonyms—

कंठ	— गला	ऋतु	— मौसम	कोटि	— करोड़
गिरिराज	— हिमालय	सदा	— हमेशा	सुशोभित	— शोभायमान
सागर	— समुद्र	सलोना	— मनोहर	भारत	— हिंदुस्तान

एक जैसे अर्थ वाले शब्दों को पर्यायवाची (Synonyms) या समानार्थी शब्द कहते हैं।

3. प्रश्नों के उत्तर दीजिए Answer the questions—

क. भारत के उत्तर में क्या है?

भारत के उत्तर में गिरिराज है।

ख. कौन आकर भारत को सँवारता है?

ऋतुएँ आकर भारत को सँवारती हैं।

ग. श्री वैभव कहाँ विराजते हैं?

हर कण-कण में वैभव विराजते हैं।

4. **समझिए और मिलाइए** Understand and match—

राष्ट्रीय ध्वज National flag	कमल Lotus	
राष्ट्रीय पक्षी National bird	बरगद Banyan	
राष्ट्रीय पुष्प National flower	बाघ Tiger	
राष्ट्रीय पशु National animal	मोर Peacock	
राष्ट्रीय वृक्ष National tree	तिरंगा Tiranga	

5. **श्रुतलेख** Dictation—

गिरिराज सुशोभित कोटि ऋतु आलोकित सागर

6. **सुलेख** Calligraphy—

भारत सभी देशों में महान है।

रचनात्मक गतिविधि

- **आपको अपने देश में क्या-क्या पसंद है? लिखिए—**
  What do you like about your country? Write them.

....

....

....

....